卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 24 | अंक 120 | पृष्ठ 8 | रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) | बुधवार | 7 फरवरी 2024 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## यूसीसी पर सदन में बहस

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा सत्र के तीसरे दिन समान नागरिक संहिता विधेयक विधेयक पर चर्चा की गयी। चर्चा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने अपनी अपनी बात रखी। यूसी सी पर चर्चा के बाद आज ही विधेयक सदन में पारित होने की संभावना है। चर्चा में किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि कुछ प्रावधान इस कानून के देश और राज्य के लिए अच्छे हो सकते हैं लेकिन इसे लाने में जल्दबाजी की गयी है। अगर इसे केन्द्र में लाया जाता तो बेहतर होता। इसमें अनुच्छेद की अवहेलना की जा रही है। इसके लिए व्यापक कानूनी राय ली जानी चाहिए और इसे प्रवर समिति को अध्ययन के लिए सौंपा जाना चाहिए था और आगामी बजट सत्र में इस पर चर्चा होनी चाहिए थी। बेहड़ ने कहा कि इम सका विरोध नहीं कर रहे लेकिन इस विधेयक को प्रवर समिति को सौंपा जाये और इसकेलिए व्यापक विचार विमर्श किया जाये। उन्होंने कहा कि इस ड्राफ्ट बनाने वाली समिति ने विधायकों की राय भी नहीं ली बल्कि जनता की राय लेने के नाम पर महज खानापूर्ति की गयी। बेहड़ ने कहा कि यूसीसी(शेष पृष्ठ सात पर)



## हरक सिंह रावत के ठिकानों पर ईडी के छापे

देहरादून (उद संवाददाता)।कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के खिलाफ बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। उत्तराखंड से लेकर दिल्ली और चंडीगढ़ में ईडी की टीमों ने छापे मारे। तीन राज्यों के 15 से अधिक ठिकानों पर ईडी ने तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के मुताबिक ईडी की यह कार्रवाई दो अलग-अलग मामलों में हो रही है। एक मामला फॉरेस्ट लैंड से जुड़ा है तो दूसरा एक अन्य जमीन घोटाले से जुड़ा है। पिछले साल अगस्त में विजिलेंस विभाग ने कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के खिलाफ कार्रवाई की थी। अब ईडी ने हरक सिंह रावत के ठिकानों सहित उनसे जुड़े कुछ लोगों के भी ठिकानों पर छापेमारी की है। बुधवार को देहरादून की डिफेंस कॉलोनी स्थित रावत के घर पर भी ईडी की टीम पहुंची है। ईडी की छापेमारी से हरक सिंह रावत की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गयी है। बता दें, हरक सिंह रावत ने 2022 (शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध हालातों में घर में फांसी पर लटका मिला पेंटर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ट्रांजिट कैम्प के मौहल्ला आजाद नगर में एक पेंटर का काम करने वाला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर में फांसी पर लटका मिला। परिजन उसे फांसी से उतार कर पहले निजी चिकित्सालय और फिर जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार मौहल्ला आजादनगर ट्रांजिट कैम्प निवासी 26 वर्षीय विक्की हाल्दार पुत्र हरी हाल्दार पेंटर का काम करता था। घर में उसकी भाभी गुड़िया पत्नी स्व. बंटी हाल्दार, अपने पुत्र 15 वर्षीय वंश, पुत्री श्रष्टि व भाई देवराज रहते हैं। देवराज सिडकुल में काम करता है वहीं गुड़िया काम मिलने पर मजदूरी करती है। बताया जाता है कि गत दोपहर विक्की अपने कमरे में चला गया था। देर सायं काल जब उसे बुलाने गये तो दरवाजा नहीं खुला। किसी तरह दरवाजा खोलकर भीतर (शेष पृष्ठ सात पर)



## राम मंदिर निर्माण से हिंदुओं के पुनर्जागरण की शुरुआत: तोगड़िया

किच्छा(उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया ने यहां प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि राम मंदिर के निर्माण से हिंदुओं का 500 साल पुराना सपना साकार हो गया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण से हिंदुओं के पुनर्जागरण की शुरुआत हो गई है। 500 सालों से सनातन धर्म को अपने आराध्य देवता श्री राम की जन्मस्थली में अवतरित होने से समस्त जगत का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि 8 करोड़ लोगों के दिए गए सहयोग के चलते राम मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है। 8 करोड लोगों द्वारा दिए गए बलिदान श्रम तथा धन से यह भव्य मंदिर आज विश्व के पटल पर उभर कर सामने आया है। यह ईश्वर की ही कृपा है कि 500 सालों से बिखरा सनातन धर्म एक मंच पर आया। जिसकी परिणीति श्री राम मंदिर के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि अभी कई ऐसे धार्मिक स्थल जीर्ण स्थिति में पड़े हुए हैं जिनका जीर्णोद्धार किया जाना आवश्यक है। उत्तराखंड में यू सी सी को लागू किए जाने का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा यू सी सी लागू करने का जो कदम उठाया है वह सराहनीय है तथा अन्य राज्यों को भी यू सी सी लागू कर समान नागरिक संहिता की व्यवस्था करनी चाहिए। इससे समाज में एकरूपता आएगी और राष्ट्र उन्नति की और अग्रसर रहेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार वर्तमान परिस्थितियों सनातन धर्म मानने वालों को एकत्रित कर रही हैं उसी प्रकार समान नागरिक संहिता की आवश्यकता को देखते हुए भारत की जनता सरकारों की ओर नजर लगाए हुए इससे पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष (शेष पृष्ठ सात पर)



## चोरी की बाइक के साथ दो शातिर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने दो शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जरूरी जानकारी जुटाना के बाद पकड़े गए चोरों का पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं में चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय की समक्ष पेश कर दिया गया। पता चला है कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम क्षेत्र में गशत पर थे इसी दौरान उसने कब्रिस्तान तिराहे के पास से चेकिंग के दौरान बगैर नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार होकर फर्राटा भरते दो युवकों को शक के आधार पर दौड़कर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में दोनों ने अपना नाम वार्ड नंबर 2 नहर की पुलिया, खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी मनोज कुमार उर्फ बबलू पुत्र मेवाराम तथा दूसरे ने दिनेश पुत्र महेंद्र निवासी उपरोक्त बताया। गहनता से जांच करने पर बरामद मोटरसाइकिल चोरी की निकली। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए चोर नशे के आदी हैं। नशे की पूर्ति करने के लिए वह चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दिया करते हैं। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए दोनों बाइक शोरूम से जरूरी पूछताछ के बाद उनका चालान करते हुए अभियुक्त को कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया।



## यूसीसी के समर्थन में निकाली रैली

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एकत्र होकर यूसीसी के समर्थन में रैली निकाली एवं मुख्य चौक पर मिष्ठान वितरण कर उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री धामी का आभार प्रकट किया। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी एवं महामंत्री मनोज भाजपा के नेतृत्व में मुख्य चौक पर आतिशबाजी भी की गई। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि यूसीसी विधेयक लाये जाने से उत्तराखंड की जनता में हर्ष की लहर है। कहा कि यह कानून उत्तराखण्ड को नई दिशा और दशा प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी,नंदन सिंह खडायत, जिला महामंत्री सतीष गोयल, भवानी भंडारी, पवन अग्रवाल, गोपाल बोरा, अमित पांडे, (शेष पृष्ठ सात पर)



## छोटे राज्य ‘उत्तराखंड’ की बड़ी ‘चिकित्सकीय पहल’

### पैथोलॉजिकल जांच के लिए बुजुर्गों को अब नहीं जाना पड़ेगा अस्पताल ,प्रदेश में अब घर-घर पहुंचेंगे स्वास्थ्य कर्मी, घर पर ही की जाएगी जांच और दिया जाएगा चिकित्सकीय परामर्श

-अर्श-

रूद्रपुर। भारत का एक छोटा पहाड़ी राज्य उत्तराखंड जन स्वास्थ्य बेहतरी के क्षेत्र में एक बड़ी पहल करने जा रहा है।राज्य सरकार एक ऐसी योजना को अंतिम रूप देने में लगी है, जिसके तहत प्रदेश में बुजुर्गों को अब घर बैठे इलाज मिल सकेगा। हासिल जानकारी के मुताबिक इस योजना के तहत राज्य का स्वास्थ्य विभाग बुजुर्गों का नियमित हालचाल तो लेगा ही साथ ही, चिकित्सीय परामर्श, पैथोलाजी जांच, दवा आदि की सुविधा भी उन्हें घर पर ही प्रदान की जाएगी। दरअसल, उम्र बढ़ने के साथ-साथ अप्रत्याशित रूप से स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ने लगती हैं। इसके अतिरिक्त वृद्ध जन के शरीर में बीमारियों से लड़ने की क्षमता कम भी होती है।ऐसे में मौसम के बदलाव व तमाम तरह के संक्रमण की चपेट में भी वह आसानी से आ जाते हैं। इस लिहाज से मौसम चक्र के हिसाब से बुजुर्गों को अत्यधिक देखभाल एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता होती है ,मगर बुजुर्गों के लिए बार-बार अस्पताल जा पाना बहुत ही चुनौतीपूर्ण साबित होता है।खासकर दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र में, जहां स्वास्थ्य इकाइयों तक पहुंच उतनी सुगम नहीं है। ऐसे में राज्य सरकार ने अब वृद्ध जन की देखभाल का बीड़ा उठाया है। इसके लिए राज्य सरकार एक विशेष स्वास्थ्य योजना लेकर आ रही है। इस योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को हर 15 दिन में फोन करेगा और उन्हें घर बैठे स्वास्थ्य जांच की सुविधा देगा। योजना के क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की टीम बनाई जाएगी,जिसमें आशाएं, सीएचओ आदि शामिल होंगे। ये टीम फोन पर जानकारी मिलने के बाद वृद्ध के घर जाकर जांच करेगी तथा आवश्यक होने पर उन्हें चिकित्सालय तक पहुंचाने की व्यवस्था भी करेगी। ज्ञात हो कि प्रदेश में 60 वर्ष से अधिक आयु के तकरीबन 8.70 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं तथा इस आयु वर्ग के 2.91 लोग अब तक आयुष्मान योजना के तहत उपचार ले चुके हैं। इनकी स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी भी विभाग के पास पहले से ही मौजूद है। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के पास उपलब्ध इस डेटा के माध्यम से ही विभाग बुजुर्गों तक अपनी पहुंच बनाएगा।इस योजना का खास पहलू यह है कि प्रदेश सरकार इसे आयुष्मान योजना के अंतर्गत ही विस्तार देने जा रही है। माना जा रहा है कि इस योजना के धरातल पर उतारने के बाद डायबिटीज समेत रक्त से संबंधित अन्य जांचों के लिए बुजुर्गों को बार-बार अस्पताल पहुंचाने की जहमत नहीं उठानी पड़ेगी। खबर है कि सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस सुविधा को शुरू करने के लिए राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण को कार्य योजना का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दे दिए (शेष पृष्ठ सात पर)



# पति के साथ पत्नी को भी बराबर अधिकार

## यूसीसी में शाहबानो केस को बनाया आधार: हलाला करने पर तीन साल की सजा और एक लाख रुपये जुर्माने का सख्त प्रावधान होगा

देहरादून। समान नागरिक संहिता में पति के साथ पत्नी को भी बराबर का अधिकार दिया गया है। पति की तरह अब पत्नी चाहेगी तो पति से तलाक ले सकेगी। तलाक के लिए पति की एक से अधिक पत्नी, दुष्कर्म का दोषी होने के साथ ही क्रूरता, किसी अन्य के साथ विवाहेतर संबंध या लगातार दो वर्ष तक दूरी बनाकर रखना भी आधार बन सकता है। प्रस्तावित कानून के प्रावधानों के मुताबिक, नपुंसकता या जानबूझकर यौन संबंध नहीं बनाने पर विवाह शून्य हो जाएगा। इसके अलावा, याचिकाकर्ता की सहमति बलपूर्वक या धोखाधड़ी से लेने पर, विवाह के समय पत्नी के किसी अन्य पुरुष से गर्भवती होने या पति ने विवाह के समय पत्नी के अलावा किसी अन्य महिला को गर्भवती किया हो तब भी विवाह शून्य माना जाएगा। पति या पत्नी ने धर्म परिवर्तन कर लिया हो, पति या पत्नी मानसिक विकार या असाध्य संचारी यौन रोग से पीड़ित हो, तो ऐसी स्थिति में भी विवाह को शून्य माना जाएगा। पत्नी इस आधार पर ले सकती है तलाक पति विवाह के बाद दुष्कर्म या किसी अन्य प्रकार के अप्राकृतिक यौन संबंध के अपराध का दोषी रहा हो। यूसीसी लागू होने से पहले पति की एक से अधिक पत्नियां हों। पति-पत्नी मिलकर इस आधार पर तलाक की याचिका प्रस्तुत कर सकेंगे, कि वे एक वर्ष या उससे अधिक समय से अलग-अलग रह रहे हैं। वे एक साथ नहीं रह सके हैं और वे इस बात पर परस्पर सहमत हों कि विवाह का विघटन किया जाना चाहिए। याचिका प्रस्तुत करने के छह माह के बाद और उस तिथि से 18 माह के पूर्व दोनों पक्षकारों की ओर से किए गए प्रस्ताव पर अगर याचिका वापस नहीं ली गई हो। न्यायालय पक्षकारों को सुनने व जांच के बाद तलाक का आदेश जारी कर देगा। समान नागरिक संहिता में बेटा और बेटी को बराबर अधिकार दिए गए हैं। इतना ही नहीं, गर्भस्थ बच्चे को भी वसीयत करने वाले व्यक्ति की मृत्यु के समय से ही उसका उत्तराधिकारी माना जाएगा। विधानसभा के पटल पर पेश समान नागरिक संहिता में स्पष्ट किया गया कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के उपरांत उसकी संपत्ति का उत्तराधिकारी कौन होगा। इसे दो प्रमुख श्रेणियों में बांटा गया है। श्रेणी एक के उत्तराधिकारी एक साथ उत्तराधिकार प्राप्त करेंगे। मृतक का प्रत्येक जीवित पति/पत्नी एक-एक अंश लेगा। प्रत्येक जीवित बच्चा एक-एक अंश। प्रत्येक पूर्व मृत बच्चे का एक अंश। पूर्व मृत बच्चे की शाखा को न्यायगत होने वाला अंश प्रत्येक जीवित पति/पत्नी, जीवित बच्चे और पूर्व-मृत बच्चे के पूर्व-मृत बच्चे के मध्य समान रूप से बंटेगा। ऐसी स्थिति में उत्तराधिकारी नहीं होंगे : मृत नातेदार की विधवा या विधुर ने इच्छापत्र रहित मृतक के जीवनकाल में पुनर्विवाह कर लिया हो, वहां ऐसी विधवा या विधुर संपदा का उत्तराधिकारी नहीं होगा। यूसीसी में स्पष्ट किया गया कि इस अधिनियम के अलावा किसी अन्य प्रथा, रूढ़ि, परंपरा के तहत तलाक मान्य नहीं होगा। किसी प्रथा, रुढ़ी या परंपरा के तहत तलाक देने पर तीन साल की जेल और जुर्माना होगा। पूर्व की पत्नी होने के बावजूद पुनर्विवाह करने पर तीन वर्ष की जेल, एक लाख रुपये तक जुर्माना और सजा छह माह तक बढ़ाई जा सकती है।

## सभी वर्गों में पुत्र और पुत्री को संपत्ति में समान अधिकार देने का प्रावधान

देहरादून। समान नागरिक संहिता के लागू होने पर प्रदेश में सभी वर्गों में जायज और नाजायज संतान में कोई भेद नहीं हो सकेगा। ड्राफ्ट में सभी वर्गों में पुत्र और पुत्री को संपत्ति में समान अधिकार देने का प्रावधान किया गया है। नाजायज बच्चों को भी उस दंपति की जैविक संतान ही माना गया है। समान नागरिक संहिता में गोद लिए हुए बच्चों, सरोगेसी द्वारा जन्म लिए गए बच्चों व असिस्टेड रीप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी द्वारा जन्म लिए गए बच्चों में कोई भेद नहीं होगा। उन्हें अन्य की भांति जैविक संतान ही मान गया है। किसी व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात उसकी संपत्ति में उसकी पत्नी व बच्चों को समान अधिकार दिया गया है। उसके माता-पिता को भी उसकी संपत्ति में समान अधिकार दिया गया है। जबकि पुराने कानूनों में सिर्फ माता को ही मरने वाले की संपत्ति में अधिकार प्राप्त था।

## अग्नि के समक्ष फेरे, निकाह ,आनंद कारज और होली मेट्रिमोनि रीति रिवाज मान्यताओं के अनुसार होंगे

देहरादून। यूसीसी बिल में महिला के दोबारा विवाह करने (चाहे वह तलाक लिए हुए उसी पुराने व्यक्ति से विवाह करना हो या किसी दूसरे व्यक्ति से) को लेकर शर्तों को प्रतिबंधित किया गया है। संहिता में माना गया कि इससे पति की मृत्यु पर होने वाली इद्दत और निकाह टूटने के बाद दोबारा निकाह से पहले हलाला यानी अन्य व्यक्ति से निकाह व तलाक का खात्मा होगा। यूसीसी में हलाला का प्रकरण सामने आने पर तीन साल की सजा और एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लाने के लिए इंदौर की शाहबानो के मामले को भी आधार बनाया गया। इसमें बताया गया कि कैसे 62 वर्ष की उम्र में शाहबानो को उनके पति ने तलाक दे दिया था। उनके पांच बच्चे थे। वह न्यायालय गईं तो उन्हें 25 रुपये प्रतिमाह गुजारा भत्ता देने का निर्णय हुआ। इससे असंतुष्ट शाहबानो मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय गईं, जिसने गुजारा भत्ता बढ़ाकर 179.20 रुपये प्रतिमाह कर दिया, मगर पति ने भत्ता देने से इन्कार कर दिया। अप्रैल 1995 में सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो के पक्ष में फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर मुहर लगा दी। यूसीसी बिल में बहु विवाह को पूर्ण प्रतिबंधित कर दिया गया है। हर विवाह और तलाक का पंजीकरण ग्राम, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम, महानगर पालिका के स्तर पर ही कराया जाना संभव होगा। इसके लिए पोर्टल भी एक माध्यम होगा। बिल में स्पष्ट किया गया है कि एक विवाह होने के बाद दूसरा विवाह पूर्ण प्रतिबंधित किया गया है। सभी धर्मों के लिए विवाह की आयु समान की गई है। पुरुष के लिए कम से कम 21 वर्ष और स्त्री के लिए न्यूनतम 18 वर्ष रखी गई है। मुस्लिम पर्सनल लॉ में विवाह की आयु बालिग होने या 15 वर्ष निर्धारित की गई है, लेकिन अब प्रदेश में सबके लिए आयु की एक ही सीमा होगी। हालांकि, ये स्पष्ट किया गया कि इससे किसी धर्म, मजहब, पंथ, संप्रदाय और मत के अपने-अपने रीति रिवाजों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। निकाह, आनंद कारज, अग्नि के समक्ष फेरे और होली मेट्रिमोनि रीति रिवाज अपनी मान्यताओं के अनुसार ही होंगे। हालांकि इसमें ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अनुसूचित जनजातियां यूसीसी के दायरे से बाहर रहेंगी।

# जोशीले अंदाज में दिखे दिग्गज ,फिसली जुबान







## किसी ने संहिता को संगीता तो किसी ने आचार संहिता बताया

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के दिग्गज नेताओं ने जोशीले अंदाज में जहां जय श्री राम के नारे लगाये वहीं राज्य के युवा सीएम पुष्कर सिंह धामी की भी जमकर तारीफ करते हुए बधाई दी है। की जुबान फिसलती रही। किसी ने संहिता को संगीता, तो किसी ने आचार संहिता बताया। इस पर विपक्ष के विधायकों ने भी चुटकी लेते हुए खूब ठहाके लगाए। सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड समान नागरिक संहिता विधेयक सदन में पेश किया। विपक्ष की मांग पर सदन की कार्यवाही ढाई घंटे तक स्थगित की गई। दो बजे सत्र शुरू हुआ। संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने यूसीसी विधेयक के प्रावधानों की सदन को जानकारी दी। इस दौरान समान नागरिक संहिता पर भी उनकी जुबान फिसल गई और संहिता को आचार संहिता कह गए। वहीं कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने भी यूसीसी पर बोलते हुए संहिता को संगीता बता दिया। इस पर विपक्ष के विधायकों ने चुटकी ली। इसके अलावा विधायक बंशीधर भगत भी यूसीसी को लेकर विपक्ष की भूमिका पर सवाल उठा रहे थे। उनके समान आचार संहिता कहने पर विपक्ष विधायकों ने भी घेर लिया। वहीं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भी यूसीसी विधेयक सदन में पेश होने पर राज्यवासियों के साथ ही सीएम धामी का आभार व्यक्त किया। बंशीधर भगत ने कहा धामी जी ने गागर में भर दिया सागर। उन्होंने सीएम की खूब प्रशसा की है। धामी जी इतना दिमाग कहां से लाये है। बोले राम नाम की लूट मची है लूट सको तो लूट। हम तुम्हारी धाज्जियां उडा देंगे। तुम्हारी सिमटती खोली में इतिहास बनायेंगे। सदन में आज सत्ता पक्ष के विधायक बंशीधर भगत और सुमित हृद्येश के बीच खूब खींचतान हुई। सदन की कार्यवाही के दौरान जब स्पीकर रितु भूषण खंडरी ने पांच मिनट के संबोधन पर चर्चा का समय दिया तो विधायक बंशीधर भगत ने अपने ही अंदाज में नजर आये। अपने चर्चित बयानों से सुर्खियों में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता बंशीधर भगत ने कहा कि देश के पहले सीएम धामी ने आज इतिहास रचा है। वहीं उन्होंने कांग्रेस पर कई तंज कसते हुए कहा कि यह समान नागरिक संहिता तुम क्या जानो। इशारों को अगर समझो तो राज को राज रहने दो। अब हिंदुस्तान की नींव बदलने वाली है। वहीं विधायक सुमित हृद्येश ने कहा कि सदन में पेश किये यूसीसी बिल पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिये। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि आज का दिन का इतिहास स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। आज का दिन हर सदस्यों के लिये गौरव का दिन है। सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलने चाहिये। हम मानते है कि आज देश के पीएम नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में मातृशक्ति को समानता का अधिकार मिल रहा है। यूसीसी लागू करने पर सरकार का आभार व्यक्त करते है। वहीं विधायक बिशन सिंह चुफाल ने भी सदन में चर्चा के दौरान पहाड़ की महिलाओं की समस्याओ का उल्लेख करते हुए यूसीसी विधेयक को सम्मान जनक बताया। उन्होंने कहा कि सीएम धामी ने देवभूमि की जनता से किया वादा पूरा किया है। विधायक दलीप सिंह रावत ने कहा कि यूसीसी का सभी को समर्थन करना चाहिये।

## सौतेले व्यवहार के खिलाफ उपनल कर्मी मुखर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड उपनल संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा जनपद ऊधमसिंह नगर के विभिन्न विभागों के उपनल कर्मचारियों के साथ गेट मीटिंग की गयी। जिसमें कर्मचारियों ने कहा कि सरकार द्वारा उपनल कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। बार-बार अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु शासन को पत्र भेजे गए जिनका निस्तारण तो दूर उन पर वार्ता करने के लिए भी उपनल के पदाधिकारियों को बुलाया तक नहीं। राज्य गठन के बाद उपनल कर्मचारियों ने अपने जीवन का अमूल्य समय अल्पवेतन में कार्य करते हुए 15 से 18 वर्ष कार्य करते हुए समस्त विभागों /निगमों इत्यादि को दिए है आज जब उनकी उम्र 40 से 45 वर्ष की हो गयी है तो सरकार को उनको नियमित रोजगार देने के बजाय उनको बिना किसी कारण बताये नौकरी से हटाया जा रहा है यही नहीं जो कार्य कर भी रहे है उनको न तो समय पर वेतन दिया जा रहा है और न ही महंगाई के अनुरूप उनके वेतन में बढ़ोत्तरी की जा रही है। उन्होंने कहा उपनल कर्मचारियों की समस्याओं पर वार्ता हो और उनका निस्तारण किया जाय। यदि सरकार द्वारा 12 फरवरी से पूर्व उपनल कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता तो उपनल कर्मचारी कार्यबहिष्कार आन्दोलन को मजबूर होंगे। उससे यदि विकास कार्य बाधित होगें तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। गेट मीटिंग करने वालों में जिला सहयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार, जिला अध्यक्ष कमलप्रीत सिंह, उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, मौहम्मद यासीन, पूरन शर्मा, प्रमोद सिराड़ी, भूपाल राणा, जीत सिंह, राज किशोर, सुनील कुमार, सलमान रखा, राजेश कुमार आदि मौजूद थे।



## लुकास टीवीएस मजदूर संघ का धरना जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपनी मांगों को लेकर लुकास टी वी एस मजदूर संघ पन्तनगर का श्रम विभाग में धरना 71वां दिन व अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। धरना स्थल पर महामंत्री बसन्त गोस्वामी ने सभा को संबोधित करते हुए श्रमिकों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि श्रमिक समस्याओं का समाधान न होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल चालू रहेगी। कार्यकारी अध्यक्ष हरीश चन्द्र सिंह ने सम्बोधित करते हुए शीघ्र रैली निकालने का दिया संकेत। संगठन मंत्री दीवान सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मांगे पूरी न होने तक हड़ताल जारी रहेगी व जरुरत पड़ने पर कम्पनी के अन्य श्रमिकों को जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। हड़ताल में संगठन के सभी सदस्य मौजूद रहे। समर्थन देने वालों में ऑटो लाइंस एम्पलाइज यूनियन के जगदीश नाथ कोषाध्यक्ष, प्रकाश सिंह मेहरा महामंत्री, मानसिंह मेहरा सदस्य, विश्वामित्र तिवारी सदस्य, गुजरात अंबुजा यूनियन सितारगंज के रंजीत सिंह, हरीश , सोहनलाल, चंद्र मोहन, दिनेश राम, नरेश आदि शामिल रहे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# पूर्व विधायक शुक्ला ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात



देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी से विधानसभा कक्षा में मुलाकात कर पत्र सौंपा। सोफे गए पत्र में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बताया कि किच्छा से निर्वाचित विधायक तिलकराज बेहड़ क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभागीय कर्मचारियों से दबाव बनाकर अनैतिक कार्य करवाना चाहते हैं, जब किसी कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार अधिकारी द्वारा ऐसा करने से मना किया जाता है तो उस पर अनर्गल आरोप लगाते हैं कि तुम सत्ता के दबाव में मेरा काम नहीं कर रहे हो तथा मैं सदन में अपने अपमान का आरोप लगकर तुम्हें हटवा दूंगा, इस कारण सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी परेशान हैं। गत विधानसभा सत्र में उनके द्वारा तत्कालीन किच्छा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पर झूठा आरोप लगाकर कि उसने उनका अपमान किया उनका तबादला करवा दिया, इसी प्रकार गन्ना पेराई सत्र में उन्होंने चीनी मिल अधिकारियों पर झूठा आरोप लगाया प्रदेश के गन्ना मंत्री एवं मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए तथा उसके बाद उन्ही अधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया। विद्युत चोरी पकड़ने पर विद्युत वितरण खण्ड किच्छा अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता को कहा कि उसे छोड़ दें, कार्रवाई न करें, जब अधिकारियों ने नहीं माना तो कहा कि विधानसभा सत्र में मैं विशेषाधिकार लाकर तुम पर कार्रवाई करवाऊंगा, आए दिन खनन में लिप्त माफिया पर कार्रवाई होने पर परगनाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारियों को व्हाट्सएप कॉल करके छोड़ने के लिए कहते हैं, यदि अधिकारी उनकी बात नहीं मानता तो विशेषाधिकार की धमकी देते हैं। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध करते हुए कहा कि सदन की कार्रवाई के दौरान अपनी वरिष्ठता, अपनी बीमारी आदि का हवाला देकर भावुक शब्दों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर झूठा अपमान या बात ना मानने के आरोप की जांच कराने के बाद ही कार्रवाई हो ताकि अधिकारियों, कर्मचारियों का पक्ष सामने आ सके व उनके साथ भी अन्याय ना हो।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न







रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस रुद्रपुर के नर्सिंग के छात्रों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर , उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सी.ए. शिव अरोरा, निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा एवं मैनेजमेंट मेंबर बंश डाबर, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट एवं प्राचार्य डॉ विजय सिंह, मुख्य अतिथि श्रीमती मंजूखेडा नर्सिंग अधीक्षक, जिला हॉस्पिटल, डा. एस. के. गोस्वामी डी.सी.एच., आगरा, विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल, मिदनापुर, श्रीमती शशि प्रभा राय नर्स, राजकीय हॉस्पिटल, रुद्रपुर, सुभाष चन्द्र शर्मा प्रधानाचार्य, सरस्वती विद्या मदिर, गदरपुर एवं नन्द किशोर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम के प्रारम्भ में छात्रों द्वारा मोमबत्ती प्रज्वलन करते हुए एक सामाजिक नर्स की आधारभूत कार्यो एवं दायत्वों के प्रतिश पथ ग्रहण किया गया, समस्त छात्रों को यह शपथ नर्सिंग विभाग की विभागाध्यक्षा सुश्री कल्पलता सिंह द्वारा दिलायी गयी। कार्यक्रम में विभिन्न छात्रों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। मुख्य अतिथि जिला अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक श्रीमती मंजूखेडा छात्रों को सम्बोधित करते हुए फ्लोरेंस नाइटिंगल के रोगियों के प्रति निस्वार्थ एवं भेदभाव विहीन समर्पण के भाव को छात्रों के साथ साझा किया, उन्होंने समस्त नर्सिंग छात्रों को फ्लोरेंस नाइटिंगल जीवन से प्रेरणा लेने का आहवान करते हुए कहा कि उन्ही के भांति समस्त नर्सिंग छात्रों को अपने कार्यो एवं उत्तरदायत्वों की पूर्ति करना चाहिए। संस्थान की डायरेक्टर डॉ. सीमा अरोरा ने समस्त नर्सिंग छात्र-छात्राओं को उनके दायत्वों को पूर्ण निष्ठा से अनुपालन करने के लिए कहा एवं बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्रीमती डॉ. सीमा अरोरा के द्वारा छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा गया कि संस्थान उत्तराखण्ड का एक उत्कृष्ट संस्थान है जो छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा सराहनीय तौर पर प्रयासरत रहेगा। प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना कामना की। फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के कामना के साथ शिक्षा के महत्व को साझा किया एवं किसी राष्ट्र के विकास में नर्सिंग स्टाफ के अहम् भूमिका को समझाया। इस अवसर पर संस्थान के सी.ए.ओ. श्री अनुभव बाठला, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर रजत धवन, मुकेश कुमार, कल्पलता सिंह, पूजा वाल्मीकि, बबिता यादव, सीमा सरकार, दिग्विजय सिंह अन्य शिक्षक शिक्षिका और स्टाफ आदि उपस्थित रहे ।

# व्यापारियों ने स्व.बाबूलाल गुप्ता को दी श्रद्धांजलि



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला इकाई द्वारा संगठन के संस्थापक संरक्षक बाबूलाल गुप्ता को संगठन की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष प्रमोद गोयल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम स्व. बाबूलाल के पद चिन्हों पर चलते हुए संगठन को प्रभावित बनाने की उनकी कार्यसमता का अनुश्रवण करने का प्रयास करेंगे। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि स्व. बाबूलाल ने अपने व्यापार और परिवार के साथ जिस तरह से संगठन की नींव रखी और व्यापारियों के लिए समर्पित होकर व्यापारियों को सम्मान से व्यापार करने के प्रति जागरूक किया वो सदैव संगठन और व्यापारियों में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। 1940 में जन्में स्व. बाबूलाल ने 1970 में व्यापार के क्षेत्र में कदम रखा और अपने व्यापार के साथ व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करते हुए 9 बार उत्तरप्रदेश के उपाध्यक्ष रहे और उत्तराखंड राज्य गठन के बाद प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड का गठन किया। पूरे उत्तराखंड में संगठनात्मक रूप से 19 जिला इकाई और 300 नगर इकाई स्थापित की जो आज लगभग 400 नगर इकाइयों बनकर उत्तराखंड में कार्य कर रही है। उन्होंने सदैव साधारण जीवन व्यतीत किया। स्व. बाबूलाल एक अच्छे वेटलिफ्टर, स्विमिंग, फुटबॉल के खिलाड़ी भी रहे। उनके निधन पर जिला नैनीताल के सभी व्यापारियों ने श्रद्धांजलि सभा में पहुँचकर उनको अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उनके भाई भगवान दास गुप्ता, और छोटे पुत्र राकेश गुप्ता को संगठन का ध्वज और फोटो चित्र देकर उनका सम्मान किया। संगठन की ओर से उनके सहयोगी पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष एनसी तिवारी, दिनेश पंत, शांति जीना, रूपेंद्र नागर, मदन फर्त्याल, सुनील भारद्वाज, हितेंद्र भसीन,रवैल सिंह आनंद, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, जिला महिला महामंत्री उर्वशी बोरा, महानगर महिला अध्यक्ष विनीता शर्मा, महानगर महिला सचिव गीता कांडपाल, मंजू पाठक, रेनू टंडन, मीना सेठ, नीरू भल्ला, सुरभि मेहरोत्रा, युवा जिलाध्यक्ष सौरभ भट्ट, जिला कोषाध्यक्ष लाला जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविन्द्र बोरा, मुरली मनोहर मुलानी, डीके गुप्ता, शिव कपूर, मनोज गुप्ता, संदीप सक्सेना, संदीप गुप्ता, मनोज गुप्ता, कौशलेंद्र भट्ट, नीरज गुप्ता, अजय चौहान, संजय राजपूत, संजय गुप्ता, चरणजीत सिंह बिंद्रा, संजय जोशी, काठगोदाम अध्यक्ष गोविंद भाकुनी, महामंत्री भुवन जोशी, ट्रांसपोर्ट नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह, महामंत्री प्रदीप सब्बरवाल, लालकुआं अध्यक्ष दिवान सिंह बिस्ट, संजय जोशी, देवलचोड अध्यक्ष प्रफुल्ल पांडे, सिलडी अध्यक्ष आदेश सिंह, युवा नगर अध्यक्ष पवन वर्मा सहित व्यापारी प्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# पुण्य तिथि पर तागरा को याद किया

रूद्रपुर (उद संवाददता)। कर परामर्शदाता नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर एक सभा में समाजसेवी स्व. नरेश तागरा की पुण्य तिथि पर उनको नमन किया गया और उनके द्वारा किये गये कार्यो की सराहनाकी गयी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नरेश तागरा एक सच्चे समाजसेवी थे। अपना कार्य छोड़कर वह दूसरों की सेवा में लगे रहते थे। वह एक मिलसान व्यक्ति थे। इस अवसर पर जगदीश छाबड़ा, नरेश सेठ, मान सिंह ग्रोवर, मनोहर लाल मिगलानी, बॉबी टुटेजा, प्रेम ठक्कर, सुभाष छाबड़ा, एडवोकेट, ओम प्रकाश घीक, जसवीर सिंह, सुशील घीक, नरेश छाबड़ा, अशोक चोपड़ा आदि उपस्थित थे।

# सरकार जल्द ही यूसीसी को कानून का रूप देकर लागू करेगी: भुवन भट्ट



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समान नागरिक संहिता को लेकरभाजपा जिला मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड के लिए यह ऐतिहासिक दिन है। सीएम पुष्कर धामी द्वारा विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता बिल पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि सदन में बीजेपी विधायकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे इतिहास की युगांतकारी घटना बताया है। श्री भट्ट ने बताया कि राज्य सरकार जल्द ही इस विधेयक को कानून का रूप देकर पूरे राज्य में लागू करने वाली है। उत्तराखंड को मॉडल के रूप में पेश किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यूनिफॉर्म सिविल कोड के लिए उत्तराखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जज रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित की थी। चार दिन पहले ही सीएम को 740 पेज की ड्राफ्ट कमेटी की रिपोर्ट सौंपी गई थी। समान नागरिक संहिता विधेयक का उद्देश्य नागरिक कानूनों में एक रूपता लाना है। यानी प्रत्येक नागरिक के लिए एक समान कानून होना। समान नागरिक संहिता में शादी, तलाक और जमीन-जायदाद के बंटवारे में सभी धर्मों के लिए एक ही कानून लागू होगा। सभी पंथ के लोगों के लिए विवाह, तलाक, भरण पोषण, विरासत और बच्चा गोद लेने में समान रूप से कानून लागू होगा।

# मोहन पंत के निधन पर शोक व्यक्त

नैनीताल (उद संवाददाता)।कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ नैनीताल कूटा ने एडविस्टा के संचालक व पत्रकार अचल पंत के पिता मोहन पंत के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है । वे 84 साल के थे। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे । कूटा ने नैनीताल के विचारक श्री पंत के निधन को दुखपूर्ण कहा है कूटा ने कामेश्वर प्रसाद काला की पत्नी तथा पत्रकार छायाकार राजीव काला की माता जी श्रीमती पुष्पा काला के निधन पर भी दुख व्यक्त किया है कूटा ने श्री पंत एवम श्रीमती काला को श्रद्धांजलि दी है । श्रद्धांजलि देने वालो में अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी महासचिव डॉ.विजय कुमार उपाध्यक्ष प्रो नीलू लोधियाल डॉक्टर दीपक कुमार ,उपसचिव डॉक्टर संतोष कुमार ,डॉक्टर दीपाक्षी जोशी डॉक्टर दीपिका गोस्वामी ,,प्रो अनिल बिष्ट ,डॉक्टर उमंग सैनी,डॉक्टर पैनी जोशी ,डॉक्टर सीमा चौहान , डॉक्टर दीपिका पंत ,डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ,डॉक्टर युगल जोशी , शामिल रहे है ।

# लक्ष्मीपुर मैनर का डीएम ने किया निरीक्षण

## जनसंवाद में अधिकारियों ने किया जनसमस्याओं का किया निस्तारण





काशीपुर(उद संवाददाता)। मंगलवार को ब्लॉक सभागार में तहसील दिवस एव जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम क्रियान्वयन सचिव दीपक कुमार, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार द्वारा जन संवाद करते हुए समस्याएं सुनी और अधिकांश समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया गया। तहसील दिवस एवम जन सुनवाई में सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई, राशन कार्ड, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, रास्ता, पेंशन, जल भराव आदि से सम्बन्धित 100 से अधिक समस्याएं एवम प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सचिव दीपक कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप जनपदों के साथ ही सचिवालय स्तर के अधिकारियों द्वारा जनपदों में पहुंचकर जन संवाद किया जा रहा है, ताकि जन समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण हों के साथ ही शासन स्तर की समस्याओं के शीघ्रता से निस्तारण तथा पॉलिसी परिवर्तन आदि की आवश्यकताओं के अनुरूप पॉलिसी परिवर्तन कार्य शीघ्र हो सके जिससे कि जनता अधिक से अधिक लाभान्वित हो और योजनाओं का लाभ दूरस्थ क्षेत्र की जनता भी आसानी से उठा सके। उन्होंने राशन कार्ड ऑनलाइन करने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में कैंप आयोजित करने के निर्देश पूर्ति विभाग के अधिकारियों को दिए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता की कोई भी समस्या हो, उसका निस्तारण व्यक्तिगत रुचि लेकर समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जो भी समस्या है, उनका सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण के क्रम में शीघ्रता से निस्तारण करना है। डीएम ने कहा कि तहसील दिवस में जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है, उन सम्स्याओं को सम्बन्धित विभागों को हस्तगत किया जा रहा हैं, उन सभी समस्याओं का समबद्धता एवं प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें और कृत कार्यवाही से फरियादियों को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, उद्यान, खाद्य नागरिक आपूर्ति, पशुपालन,बाल विकास, महिला सशक्तिकरण एवम बाल विकास, राजस्व, चकबंदी, सेवायोजन, उद्योग, समाज कल्याण, गन्ना विकास, पुलिस, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास, शहरी विकास, विद्युत,



सहकारिता आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र व्यक्तियों के मौके पर ही फार्म भरवाए गए। प्रमुख समस्याओं में पूर्व सैनिक एकता समिति ने बसंत बिहार कॉलोनी में रोड बनवाने, पानी निकासी की समस्या, नाले की सफाई और आगे से नाला ब्लॉक होने की शिकायत की जिसपर डीएम ने जनता से अपील करते हुए कहा कि जहां भी कोई कॉलोनी में जमीन खरीदे, पहले कॉलोनाइजर से पूछें कि क्याख्रक्या सुविधाएं मुहैया कराएंगे, बिजली पानी, जल निकासी, सड़क आदि की सुविधा देंगे या नहीं। सरकार कॉलोनी पास करती है तो कॉलोनाइजर से उचित चार्ज भी लेती है, जिसे विकास में लगाया जाता है। उन्होंने समस्या निदान हेतु 15 दिन के भीतर सर्वे करने के निर्देश दिए। मोहम्मद यासीन ने प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत आवास चाहने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि आवास चाहने वाले व्यक्तियों का सर्वे कर क्रमांक सहित सूची तैयार की जाए। हयात सिंह ने दो साल से दाखिल खारिज न होने की शिकायत की, इस संबंध में पटवारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस खसरे में रोक लगी हुई है और जांच चल रही है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिस जमीन की रजिस्ट्री हुई है, रजिस्ट्री कराने वाले के नाम है या नहीं और कोई विवाद तो लंबित नहीं है आदि की जांच करते हुए यदि सभी कुछ सामान्य है तो दाखिल खारिज की कार्यवाही की जाए। केदार दत्त पुरोहित ने खनन वाहनों से आरबीएम रास्ते में गिरने से नाले जाम होने, नाले चोक होने से पानी खेतों में भर जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को स्थलीय निरीक्षण करते हुए प्रस्ताव तैयार कर खनन विकास निधि में प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राम प्रधान दभोरा मुस्तकम ने सीसी रोड, हैंड पम्प, राशन कार्ड ऑनलाइन करवाने, डामरीकरण कराने, अतुल कुमार ने घर के ऊपर से बिजली के तार हटाने आदि की मांग की। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख अर्जुन कश्यप, राजेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, नगर आयुक्त विवेक राय, एएसपी अभय सिंह, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, तहसीलदार पंकज चंदोला, एडीपीआरओ महेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। समस्याएं सुनने के बाद जिलाधिकारी ने लक्ष्मीपुर मैनर का निरीक्षण किया। उन्होंने निरक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि नहर कोवरिंग एवम सड़क निर्माण के दौरान इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था हो और जल भराव की स्थिति का सामना न करना पड़े। ड्रेनेज सिस्टम तैयार करते समय ढलान का विशेष ध्यान रखा जाए और नहर की सफाई हेतु भी उचित व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय पहुंचकर चिकित्सालय प्रबंधन समिति की बैठक ली। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु समिति द्वारा विभिन्न प्रस्तावों पर अनुमोदन दिया गया।

# राम मंदिर के जैसा भव्य मंदिर बनेगा मथुरा और काशी में : डॉ.तोगड़िया





गदरपुर(उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक प्रवीण तोगड़िया ने राम मंदिर आंदोलन में अपना योगदान देने वाले अशोक सिंघल, महंत अवैद्यनाथ, रामचंद्र परम घोष, बाला साहब ठाकरे और कल्याण सिंह को भारत रत्न देने की मांग की। मंगलवार सुबह डॉ प्रवीण तोगड़िया के गदरपुर आगमन पर अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंगदल व मातृ शक्ति द्वारा फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रवीण तोगड़िया ने पत्रकारों से रूबरू होकर कहा की राम मंदिर आंदोलन में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वालों को भारत रत्न देकर भाजपा को जनभावनाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के लिए हिंदुओं ने पांच सौ वर्षों तक संघर्ष किया है। उन्होंने भी 40 वर्षों में 12 बार हिंदुओं को जगाने का काम किया। प्रवीण तोगड़िया ने यूसीसी को लेकर उत्तराखंड सरकार को बधाई देकर कहा कि देश में मजहब के आधार पर दो कानूनों की परंपरा समाप्त करने का सीएम धामी ने साहस दिखाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब पूरे देश में समान नागरिक संहिता कानून लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा वे नाम के लिए नहीं बल्कि राम के लिए निकले हैं। उनके द्वारा कहा गया कि जिस प्रकार अयोध्या में श्री राम जी का मंदिर बनाया गया है उसी प्रकार काशी व मथुरा में भी भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय सह संगठन मंत्री ईश्वरीय प्रसाद, क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुभाष जोशी, विभाग अध्यक्ष भगवन सिंह म्यान, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, विपुल प्रजापति, प्रयांशु गुप्ता, निशांत गुप्ता, आनंद रावत, आकाश रावत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रैली व नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे 34 वें सड़क सुरक्षा माह के तहत आज हिन्दुस्तान जिंक के सहयोग से रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इससे पूर्व हिन्दुस्तान जिंक से प्रारम्भ हुई जारूकता रैली मुख्य मार्गों से होती हुई डीडी चौक पहुंची जहां हिन्दुस्तान जिंक के कर्मियों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। एसपी क्राईम चन्द्रशेखर घोटके , एसपी सिटी मनोज



कत्याल व एएसपी निहारिका तोमर ने भी लोगों को वाहन चलाने के दौरान यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। नुक्कड़ नाटक कलाकारों में जरीन खान, कुंदन, बबिता, प्रीति, समर आदि शामिल थे। इस मौके पर कोतवाल धीरेन्द्र कुमार, एसएसआई कमल हसन, ट्रांजिट कैम्प थाना प्रभारी भारत सिंह, सीओ पंतनगर कपेश चन्द्र, एसआई मनीश शर्मा, नरेश मेहरा, सीपीयू के प्रभारी राकेश बिष्ट, उमेश डांगी, दीपक भट्ट,कां नरेश जोशी सहित हिन्दुस्तान जिंक के कई अधिकारी मौजूद थे।

# एक्सटर्नल एसेसमेंट टीम ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण





गदरपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भारत सरकार के कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में एक्सटर्नल एसेसमेंट टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर का बृहद निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर हॉस्पिटल एवं उपकरणों की साफ सफाई एवं गुणवत्ता को परखा गया।टीम द्वारा प्रसव कक्ष के संबंध में बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा चिकित्साको अधिकारियों कर्मचारियों से वार्ता कर मरीजो के हित में किये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया। कायाकल्प एक्सटर्नल असेसमेंट टीम प्रभारी डॉक्टर मोनिका राणा द्वारा बताया गया कि उनकी टीम को जनपद उधम सिंह नगर एवं जनपद चंपावत के विभिन्न चिकित्सा इकाइयों का एक्सटर्नल असेसमेंट करना है उधम सिंह नगर के अंतर्गत उपजिला चिकित्सालय काशीपुर , राजकीय चिकित्सालय बाजपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर, उपजिला चिकित्सालय रुद्रपुर एवं उपजिला चिकित्सालय खटीमा का निरीक्षण किया जाना है। दिनांक 2 फरवरी से 8 फरवरी के मध्य उधम सिंह नगर एवं चंपावत जिले की चिकित्सा इकयो का कायाकल्प एक्सटर्नल असेसमेंट करना है उपरोक्त के क्रम में दिनांक 3 फरवरी 2024 को राजकीय चिकित्सालय बाजपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर का निरीक्षण किया गया। उपरोक्त चिकित्सा इकायो में मरीजों के हित हेतु एवं जन सामान्य की स्वास्थ्य सुविधा हेतु चिकित्सालय की साज सजा उपकरणों की गुणवत्ता, मरीजों हेतु औषधीय की उपलब्धता ,साफ सफाई की व्यवस्था, मरीजों के प्रति चिकित्सकों- अधिकारियों का व्यवहार आदि की समीक्षा की जानी है। उपरोक्त टीम में डॉक्टर मोनिका राणा ,श्री जयदीप चौहान एवं उत्तराखंड शासन द्वारा नामित एनजीओ प्रतिनिधि शामिल है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव सरना, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंजनी डॉ विकास सचान, बीपीएम मोहम्मद रिजवान, चीफ फार्मेसिस्ट मोहन नाथ गोस्वामी एवं चिकित्सा स्टाफ द्वारा पुष्प कुछ देकर टीम का स्वागत किया गया।

# साईकिल यात्रा पर अयोध्या से लौटे राम भक्तों का किया स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।साइकिल से सैकड़ो किलोमीटर की यात्रा कर रुद्रपुर के दो राम भक्त अयोध्या पहुंचे और रामलला के दर्शन कर साइकिल से ही वापस शहर में पहुंचे जहां उनका पूर्व साइकिल से यात्रा कर अयोध्या धाम पहुंचे जहां उन्होंने भव्य और दिव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए और साइकिल से ही रुद्रपुर आज वापस पहुंचे। जहां शिव नगर के प्राचीन मंदिर लौट आए।श्री चुघ ने कहा कि अयोध्या धाम में भव्य दिव्य राम मंदिर के निर्माण के पश्चात देश भर के लाखों लोग प्रतिदिन रामलला के दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरा देश आस्था के जुड़ता जा रहा है जो भविष्य के अच्छे संकेत हैं। उन्होंने दोनों राम भक्तों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान संजीव गुप्ता ,विनय बंसल, सतपाल गंगवार, कृष्णपाल गंगवार, राम अवतार, उर्मिला,





भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ व अन्य लोगों ने फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान तमाम लोगों ने जय सियाराम के नारे भी लगाए और उनको बधाई दी। शिव नगर निवासी रामभक्त अनिकेत और ऋषभ 10 दिन में उनका वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ व अन्य शिवनगर वासियों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। अनिकेत और ऋषभ ने बताया कि वह 5 दिन में साइकिल से अयोध्या धाम पहुंचे और दर्शन के उपरांत 5 दिन में वापस साइकिल के जरिए रुद्रपुर वापस सैलाब में डूबा हुआ है और प्रत्येक देशवासी अयोध्या धाम पहुंचकर प्रभु राम मंदिर में दर्शन करना चाहता है। उन्होंने कहा कि अनिकेत और ऋषभ ने जिस प्रकार से 10 दिन में यह यात्रा पूरी की है वह बेहद सौभाग्यशाली हैं आज का युवा अपने धार्मिक संस्कारों से सुधा, अभिषेक कुमार ,शिव कुमार शिबू ,दीपक राणा, राखी देवी, विमल ,ओमवती, लोंगवती, छोटेलाल, उर्मिला, पूरनलाल, निशा ,निशांत ,प्रशांत, मनोज, भगवती ,सावित्री, विनोद कुमार, सुरेश राठौड़ ,कमलेश ,पार्वती, प्रमोद, रामवती, निहारिका, किरण आदि मौजूद थे।

# चौराहा चौड़ीकरण के लिए प्रशासन ने लगाए लाल निशान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड हल्द्वानी द्वारा विभिन्न मार्गों पर स्थित तिराहे चौराहे को चौड़ा करके जंक्शन इंप्रोवमेंट करने की योजना तैयार कर स्वीकृत हेतु राज्य सरकार को प्रेषित किया गया था। राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद कारवाई प्रारंभ की गई है।



नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि इसी क्रम में कुसुमखेड़ा, ऊँचापुल, कटघरिया, आर टी ओ रोड व लामाचौड़ में चौड़ीकरण की सीमा में आने वाली राजकीय तथा निजी संपत्ति को चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित को अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान करते हुए चौड़ीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

# तहसील दिवस पर उठाई जन समस्याएं

हल्द्वानी। तहसील दिवस में यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू के साथ दर्जनों लोगों ने जन मुद्दों को उठाया। हेमन्त ने चार सूत्रीय मांग पत्र प्रभारी अधिकारी को देकर उचित कार्रवाई की मांग की। जिसमें राजपुरा में सिविल लाइन के निर्माण करने, गले दर्जनों खराब विद्युत पोलों को बदलने, स्ट्रीट लाइटों को ठीक कर करने में लापरवाह



ठेकेदार पर ठोस कार्यवाही करने तथा राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया का सरली करण करने की मांग शामिल है।इस मौके पर प्रीति आर्य ने कहा तहसील दिवस में जो मुद्दे उठाए जाते हैं उन पर गंभीरता से कार्रवाई होनी चाहिए। इस मौके पर सचिन राठौर, मयंक गोस्वामी, शाहनवाज मलिक, काजल आर्य समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# यूसीसी विधेयक विधानसभा में पेश होने पर मनाई खुशियां

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। समान नागरिक संहिता विधेयक मंगलवार को विधानसभा सदन में पेश किये जाने पर भाजपाईयों ने भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के कार्यालय पर एकत्र होकर भाजपा के झण्डे लहराये और मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि उत्तराखण्ड यूसीसी को लागू करने वाला पहला प्रदेश बनने जा रहा हैं यह उत्तराखण्ड के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। मुख्यमंत्री धामी ने जनता से किये कई वायदे पूरे किये हैं इसी श्रृंखला में अब एक और ऐतिहासिक वायदा धामी सरकार पूरा करने जा रही है। उन्होनें कहा कि यूसीसी विधेयक पेश होना हर उत्तराखण्डवासी के लिए गर्व की बात है। विधेयक विधानसभा से पारित होने के बाद कानून बन जायेगा और इसके बाद उत्तराखण्ड को देश में एक नई पहचान मिलेगी। श्री शर्मा ने कहा कि यूसीसी विधेयक सभी के हित में हैं। कुछ लोग गलत अफवाहें फैलाकर इस मामले में राजनैतिक रोटियां सेकने की कोशिश कर रही है। सरकार की मंशा साफ है यह विधेयक सिर्फ उत्तराखण्ड के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रासंगिक है। यह विधेयक यह हर पंथ, हर समुदाय और हर धर्म के लिए है। इसे किसी विशेष वर्ग को फायदा या नुकसान पहुंचाने के लिए लागू नहीं किया जा रहा। मुख्यमंत्री धामी खुद यह बात स्पष्ट कर चुके हैं कि इस कानून से किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है। यह कानून आगे चलकर प्रदेश के विकास और खुशहाली के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर गोविंद शर्मा, जितेंद्र चौहान, प्रमोद मित्तल, सतीश मजल, अंकित बठला, मुकेश शर्मा, अशोक विश्वास, जितेंद्र संधू, मदन शर्मा, नरेश राठौर, कुणाल रस्तोगी, सुभाष यादव, अक्षय मदान, सुब्रत अधिकारी, सचिन छाबड़ा, देव मेनन आदि लोग मौजूद थे।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## पेपर लीक पर अंकुश

परीक्षाओं में नकल, समय से पहले प्रश्न-पत्रों का बाहर आ जाना और अन्य प्रकार की अवांछित गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कई तरह की कवायदें की जाती रही हैं। मगर आज भी इस समस्या पर काबू पाना एक मुश्किल काम बना हुआ है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों से परीक्षाओं के आयोजन के दौरान बहुस्तरीय निगरानी और सख्ती की वजह से नकल और चोरी जैसी गतिविधियों में कमी देखी गई है, मगर प्रश्न-पत्रों के बाहर आने से लेकर अभ्यर्थी की जगह किसी अन्य को परीक्षा में बिठाने जैसी शिकायतें अब भी आती हैं।सबसे बड़ी मुश्किल वहां खड़ी होती है, जहां संगठित रूप से किसी गिरोह की ओर से परीक्षाओं में नकल या अन्य गैरकानूनी तौर-तरीके आजमाए जाते हैं, जिसमें कई स्तर पर परीक्षाओं के आयोजन से जुड़े कुछ लोग भी भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त होते हैं। यही वजह है कि बहुत ज्यादा सख्ती के बावजूद प्रश्न-पत्र लीक होने से लेकर नकल जैसे मामलों पर पूरी तरह रोक लगा पाना संभव नहीं हो सका है।अब केंद्र सरकार ने परीक्षाओं में हर तरह की गड़बड़ी पर रोक लगाने के लिए जो विधेयक संसद में पेश किया है, उसके कानून बनने के बाद नकल या अवांछित गतिविधियों पर काबू पाने की उम्मीद बंधी है। लोकसभा में पेश लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 के तहत मुख्य जोर परीक्षा के लिए तैयार किए गए प्रश्न-पत्रों तक पहुंच हासिल करने और उन्हें उम्मीदवारों तक पहुंचाने के लिए अनुचित तरीकों से शामिल संगठित गिरोहों पर नकेल कसने पर दिया जाएगा। इसके दायरे में फिलहाल संघ लोकसेवा आयोग, बैंकिंग, नीट, जेईई, एसएसबी, आरआरबी और सीयूईटी आदि परीक्षाएं आएंगी। नए कानून के तहत दस वर्ष तक की कैद और एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। जाहिर है, इस स्तर की सख्ती किसी को भी परीक्षा से संबंधित गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने से रोकेगी। मगर ध्यान रखने की जरूरत है कि प्रश्न-पत्र लीक कराने से लेकर अन्य किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले गिरोह दरअसल परीक्षा आयोजन से जुड़े तंत्र में घुसपैठ करके भ्रष्ट गतिविधियों को अंजाम देते हैं। इसलिए सजा में सख्ती के साथ इस तरह की घुसपैठ को रोकने के लिए एक ठोस तंत्र की जरूरत है।

# बॉयो टैक्नोलॉजिकल इन्टरवेंशन पर कृषक गोष्ठी आयोजित

पंतनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी परिषद् के क्षेत्रीय केन्द्र पटवाडांगर (नैनीताल) में बॉयोटैक्नोलॉजिकल इन्टरवेंशन इन हॉर्टीकल्चर फॉर लोकल हिल फार्मर्स विषयक कृषक संगोष्ठी स्थानीय महिलाओं के लिए आयोजित की गयी। सभी प्रतिभागियों व वैज्ञानिकों का स्वागत करते हुए परिषद् के निदेशक प्रो. (डा.) संजय कुमार ने पटवाडांगर संस्थान में संचालित किये जा रहे शोध कार्यों व कृषि संबंधित प्रक्षेत्र कार्यों से सभा को अवगत कराया। निदेशक डा. संजय कुमार ने किसान महिलाएं व स्वयं सहायता समूह से आह्वान किया कि वे पशुपालन, मछली व कुक्कुक्ट पालन के जरिए अपने घर की आर्थिकी को सुधार सकती हैं । डा. संजय ने कीटनाशक रहित ऑर्गेनिक फारमिंग के महत्वय पर प्रकाश डाला।पंतनगर विवि के मत्स्य महाविद्यालय के प्राध्यापक डर. वीके सिंह ने पहाडी क्षेत्र में मछली पालन करने के सभी को गुर सिखाए व कहा कि समय समय पर अयोजित मछली पालन प्रशिक्षण कार्यक्रमों स्थानीय महिलाएं ने बढ़-चढ़ प्रतिभाग किया है। डा. सिंह ने कहा कि मछली से कई प्रकार के खाद्य पदार्थ बनाकर बेचे जा सकते हैं जैसी की मछली का अचार इत्यादि। डा. सिंह ने कहा यह भी कहा कि रंगीन मछलिओं का पालन दिन प्रति बड़ रहा और रंगीन मछलिओं की बड़ी संख्या में मांग बढ़ रही है। डा. सिंह ने पहाड़ व मैदानी इलाकों में पायी जाने वाली की विभिन्न प्रजातिओं व सीडलिंग पर प्रकाश डाला व मत्स्य पालन हेतु विभिन्न प्रकार के छोट, मध्यम व बड़े तालाब व संकुचित क्षेत्र मे छोटे तालाबों को निर्मित करने मछली पालन के बारे चर्चा की। व्याख्यान



श्रृंखला के अगले चरण में ज्योलीकोट कृषि विज्ञान के प्रभारी व वैज्ञानिक डा. सी. तिवारी ने मवेशियों व इनसे वातावरण पर पड़ने वाले प्रभाव प्रकाश डाला व कीटनाशओं के स्थान पर पारम्परिक खेती पर प्रकाश डाला। डा. तिवारी ने कीटनाशको व यूरियाके उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव एवं जल संरक्षण पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होनें आर्गेनिक, गोबर की खाद, वर्मीकम्पोस्ट एवं पारम्परिक खेती पर बल दिया। उन्होनें अमलीय व क्षारीय मिट्टी पर प्रकाश डाला व मिट्टी की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होनें दलहनी व तिलहन फसलों को बड़ाने के तरीके पर प्रकाश। डा. तिवारी ने कालाबंसा के पेड़ के रेशों से उत्पादन निर्मित करने व स्ट्राबेरी, मिलिट्स/मोटे अनाज के उत्पाद की गुणवत्ता व मडुवा के बिस्किट एवं मोट अनाज से अन्य खाद्य बनाने हेतु सभा में मौजूद महिलाओं से आह्वान किया। अंतिम व्याख्यान में पंतनगर विवि के कृषि महाविद्यालय की प्राध्यापक डा. कंचन नैनवाल ने नाबार्ड संस्था के योगदान पर प्रकाश डाला व मोटे अनाज व मिलिट्स के पोषक तत्वों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डा. नैनवाल ने कहा कि मोटे अनाज में कैल्शियम, विटामिंस, सूक्ष्म तत्व व न्यूट्रीयंट्स अन्य अनाजों के सापेक्ष अधिक मात्रा में पाये जाते है व इनसे बने उत्पादों की मांग देश के अन्य राज्यों में निरंतर बड़ रही है। जिससे उत्तराखण्ड व स्थानीय किसान अधिक से अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। कार्यक्रम का सचांलन परिषद् की वैज्ञानिक डा. कंचन कार्की ने किया व धन्यवाद प्रस्ताव पटवाडांगर संस्थान के प्रभारी डा. सुमित पुरोहित ने दिया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक महिलाओं से प्रतिभाग किया ।

# यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर जिलाधिकारी विनीत तोमर ने माउन्टेन डाईविंग स्कूल आई0टी0बी0पी0 बिमोला कटारमल में सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर आयोजित शपथ कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी सुरक्षा कार्मिकों व स्कूली बच्चों को यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें हमेशा यातायात के नियमों का पालन करना चाहिये। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलाने के लिये जो नियम बनाये गये हैं वे हम सभी को दुर्घटनाओं से बचाने के लिये बनाये गये है। जिलाधिकारी ने कहा कि हमें वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट, नशे में वाहन चलाने व ओवर स्पीड का ध्यान रखना चाहिये। उन्होंने कहा कि हर वर्ष लाखों लोगों की मृत्यु रोड दुर्घटनाओं की वजह से होती है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मोटर ट्रान्सपोर्ट ड्राईविंग द्वितीय स्तर कोर्स (बैच सं0 104) में प्रथम स्थान पर जोनिश कुमार, द्वितीय स्थान पर सत्यवीर सिंह एवं तृतीय स्थान पर रहे सुनील कुमार को कोर्स प्रमाण-पत्र प्रदान किये। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पिन्चा ने मोटर ट्रान्सपोर्ट ड्राईविंग द्वितीय स्तर कोर्स (बैच सं 105 में प्रथम स्थान पर रहे प्रशान्त कुमार, द्वितीय स्थान पर गगनदीप एवं तृतीय स्थान पर रहे गणेश सिंह को कोर्स प्रमाण-पत्र प्रदान किये। मुख्य विकास अधिकारी आंकाक्षा कोण्डे ने स्नो ड्राईविंग कोर्स (बैच सं0 02) प्रथम स्थान पर रहे सतीश कुमार, द्वितीय स्थान पर करन शर्मा एवं तृतीय स्थान पर रहे रवि यादव को कोर्स प्रमाण पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पिंचा ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये यातायात के नियमों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि यातायात के नियम आपके जीवन को बचाने के लिये बनाये गये है इसलिऐ हमेंशा यातायात के नियमों का पालन करना सीखे। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायल लोगों की मदद के लिये हमेशा आगे आना चाहिये। इस दौरान वाहन दुर्घटना के समय किस तरह से बचाव कार्य किया जाता है का डेमों जवानों द्वारा दिखाया गय। इस अवसर पर द्वितीय कमाण्डेड आईटीबीपी पुनीत सचदेवा, उपजिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा, सम्भागीय परिवहन अधिकारी गुरूदेव सिंह, अनिता चन्द्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# उत्तराखण्ड को नई दिशा देगा यूसीसी विधेयक: रामपाल सिंह

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किये जाने पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस विधयेक से उत्तराखण्ड देश के लिए एक नजीर बनेगा। मीडिया को जारी बयान में निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूरे देश में एक इतिहास रचने का काम किया है। इस विधेयक को लाकर सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान किया है। इस विधेयक की जरूरत उत्तराखण्ड ही नहीं बल्कि पूरे देश में कई वर्षों से महसूस की जा रही थी। यह कानून उत्तराखण्ड को ही नहीं बल्कि पूरे देश को एक नई दिशा प्रदान करेगा। इस कानून का लक्ष्य बिना धर्म जाति लिंग में भेदभाव किये सभी नागरिकों को



समान अधिकार देने का है। जो लोग इस कानून को लेकर भ्रम फैला रहे हैं वास्तव में वह जनता और देश के हितैषी नहीं है। इसमें जो प्रावधान किये हैं उनमें सभी के हित सुरक्षित हैं। यूसीसी पर विधेयक लाकर सरकार ने अपना वायदा निभाया है। मुख्यमंत्री धामी ने साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरह वह जो भी कहते हैं वो करके दिखाते हैं। रामपाल सिंह ने कहा कि इस कानून से किसी को डरने की आवश्यकता नहीं बल्कि इसे सहर्ष सभी को स्वीकार करना चाहिए क्यों कि इस कानून का लक्ष्य बिना धर्म जाति लिंग में भेदभाव किये सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का है। कुछ लोग बिना यूसीसी को जाने-समझे अपने निहित स्वार्थ के कारण इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू हो जाने से तीन-चार शादी करने पर रोक लगेगी और कई कुरीतियों का खात्मा होने से समाज को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यूसीसी देश हित में अच्छा कानून है।

# दुग्ध संघ की नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष प्रभा रावत का किया जोरदार स्वागत

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। बसगर निवासी प्रभा रावत के दुग्ध संघ जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद





शक्तिफार्म पहुंचने पर क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजकीय इंटर कालेज शक्तिफार्म से बाजे गाजे के साथ विजय जुलूस निकालकर उनका स्वागत किया। बसगर में भी ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। लोगों ने उनके पति ऊधम सिंह नगर डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह रावत को भी फूलमाला पहनाकर बधाई दी। वहीं, नव निर्वाचित अध्यक्ष ने अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुनील विश्वास, रविंद्र विश्वास, कृष्णपद मंडल, विक्रम सिंह भंडारी, विश्वजीत हालदार,उत्तम दास, प्रशांत मण्डल, संजय बाछाड़, केपी मण्डल, गोविंद पोखरिया, अशोक मण्डल, रवि मजुमदार, मोहित बिष्ट,दीपांशु रावत, विक्रम भंडारी आदि मौजूद रहे। इधर प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारिओ ने भी राजकीय इंटर कालेज मे पहुंच कर माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत करने वालो मे जिला सयुक्त महामंत्री विपिन डालमिया, नगर अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल, महामंत्री शुभम गर्ग,कोषाध्यक्ष विक्की मण्डल आदि व्यापारी मौजूद थे।

# जिला अस्पताल में आज पहुंचेगी हेपेटाइटिस बी और सी की दवाइयां

किच्छा(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य मंत्री प्रतिनिधि के जिला प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना ने कहा कि जनपद के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा हेपेटाइटिस बी और सी की दवाइयां जनपद के जिला चिकित्सालय में जल्द उपलब्ध हो जाएंगी। जिन भी मरीज को हेपेटाइटिस बी और सी की दवाइयां की आवश्यकता है वह जिला चिकित्सालय में औषधि डिपार्टमेंट में 7 फरवरी के बाद संपर्क कर दवाइयां प्राप्त



कर सकते हैं ।अभिषेक सक्सेना ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा हेपेटाइटिस बी और सी की बीमारी को देखते हुए दवाइयां की एक बड़ी खेप जनपद उधम सिंह नगर के लिए देहरादून से रवाना कर दी है जो कि बुधवार को जिला चिकित्सालय में पहुंचनी है। इसके लिए उन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय से काफी मशक्कत करनी पड़ी है। उन्होंने बताया कि जनपद में अन्य बीमारियों के लिए भी दवाइयां का कोटा शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा उन्होंने नागरिकों से निवेदन किया है कि जिस भी चिकित्सालय में सरकार द्वारा दी जाने वाली दवाइयां का अभाव हो वह उनसे सीधे संपर्क कर सकता है ताकि जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में सभी मरीजों के लिए सभी बीमारियों की दवाइयां उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड के प्रत्येक नागरिक के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु वचनबद्ध है। उन्होंने बताया कि जिन मरीजों को आयुष्मान कार्ड के तहत बीमारियों का इलाज करने में असुविधा हो रही हो वह भी उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं।

# रेबीज के लक्षण मिलने के बाद घायल की मौत

खटीमा। रेबीज के लक्षण मिलने के बाद हायर सेंटर रेफर किए गए व्यक्ति की मंगलवार को मौत हो गई। उसने बरेली के एक अस्पताल में दम तोड़ा। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती करने के दौरान बताया था कि युवक तेंदुए के हमले में घायल हुआ था। गोसीकुआं, भुड़ाई गांव में 13 जनवरी की रात एक विवाह समारोह में गए भुड़ाई निवासी दिनेश राणा (45), भड़ा भुडिया निवासी अनुराग और बिसौटा नौगवांनाथ निवासी रजनीश राणा को घायल अवस्था में खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के तीन हफ्ते बाद इनमें से एक घायल दिनेश राणा (45) में रेबीज के लक्षण मिलने से मामले में नया मोड़ आ गया था। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वन क्षेत्राधिकारी महेश चंद्र जोशी ने बताया कि तेंदुए के हमले मामले की जांच की जा रही है।

# ऊधम सिंह नगर दुग्ध संघ की अध्यक्ष बनीं प्रभा रावत

खटीमा। ऊधम सिंह नगर दुग्ध संघ के अध्यक्ष पद पर प्रभा रावत का चुनाव हुआ है। मंगलवार को उन्हें इस पद पर सभी नौ निदेशकों ने निर्विरोध रूप से चुना। प्रभा रावत ऊधम सिंह नगर दुग्ध संघ की अध्यक्ष बनने वाली पहली महिला हैं। खटीमा स्थित दुग्ध संघ कार्यालय में अध्यक्ष पद के लिए सुबह 10 बजे से नामांकन प्रक्रिया के साथ चुनाव होना था लेकिन अध्यक्ष पद पर एकमात्र प्रत्याशी के रूप में प्रभा रावत का नाम सामने आने के बाद आखिर सभी निदेशकों ने एकमत होकर उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया। निर्वाचन अधिकारी डॉ. एबी पांडेय ने विजेता के नाम की घोषणा की। इसके बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। प्रभा भाजपा से जुड़ी हुई हैं। इससे पूर्व दुग्ध में निदेशक पद पर भी रह चुकी हैं। अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने जाने के बाद प्रभा ने कहा कि दुग्ध संघ को



आगे ले जाने और दुग्ध उत्पादकों के हित में कार्य करेंगी। वहां पर ऊधम सिंह नगर सहकारी बैंक संघ के पूर्व अध्यक्ष योगेंद्र रावत, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, गोविंद राणा, अमित पांडेय, भास्कर संभल आदि थे। वहीं ऊधम सिंह नगर दुग्ध संघ अध्यक्ष प्रभा रावत के मंगलवार शाम शक्तिफार्म पहुंचने पर समर्थकों और भाजपाइयों ने रोड शो निकालकर अपनी खुशी व्यक्त की। कुशमोठ तिराहे से शुरू होकर रोड शो सुभाष चौक पर संपन्न हुआ। इस दौरान लोगों ने अध्यक्ष प्रभा रावत का जगह-जगह फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। वहां देबू मंडल, साधना सरकार, लीलिमा मजूमदार, गीता सरकार, ललित रावत, रविंद्र विश्वास, विधान दास, निर्मल रावत आदि थे।

# चिह्नित आंदोलनकारियों के पात्र आश्रितों को मिलेगा 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण

## संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रवर समिति गठित

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चिह्नित आंदोलनकारियों के सभी पात्र आश्रित भी राजकीय सेवा में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के हकदार होंगे। उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चिह्नित आंदोलनकारियों तथा उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में आरक्षण विधेयक पर गठित विधानसभा की प्रवर समिति ने यह सिफारिश की है। मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने समिति की रिपोर्ट सदन पटल पर रखी। बुधवार को रिपोर्ट पर चर्चा के बाद विधेयक को मंजूरी देने की पूरी संभावना है। प्रदेश सरकार ने आठ सितंबर 2023 को सदन में विधेयक पेश किया था। विधेयक में चिह्नित आंदोलनकारियों व उसके एक आश्रित सदस्य को क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान किया गया था। प्रवर समिति ने इसमें बदलाव करते हुए सभी पात्र आश्रितों को आरक्षण का योग्य माना है। साथ समिति ने आश्रित की परिभाषा में चिह्नित आंदोलनकारी की पत्नी अथवा पति, पुत्र एवं पुत्री जिसमें विवाहित, विधवा, पति द्वारा परित्यक्त, तलाकशुदा पुत्री को भी शामिल किया गया है। प्रवर समिति ने ये सिफारिश भी की कि 11 अगस्त 2004 को या उसके बाद उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी शासनादेशों के अधीन विभिन्न राजकीय सेवाओं, पदों के लिए राज्य आंदोलनकारियों का चयन और नियुक्ति इस अधिनियम के तहत वैध माना जाए। जिस व्यक्ति का चिह्नीकरण सक्षम अधिकारी द्वारा राज्य आंदोलनकारी के रूप में किया गया हो, उसे प्रमाणपत्र या पहचानपत्र जारी हो। विधेयक में विभिन्न विभागों में तथा समूह घ के पदों पर सीधी भर्ती में नियुक्ति देने में आयु सीमा तथा चयन प्रक्रिया को एक बार शिथिल करने का प्रावधान के स्थान पर समिति ने राज्याधीन सेवाओं में चयन के समय चिह्नित आंदोलनकारियों या उनके आश्रितों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने की सिफारिश की है। संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में गठित प्रवर समिति में मुन्ना सिंह चौहान, विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ और भुवन चंद्र कापड़ी, मोहम्मद शहजाद सदस्य हैं।

# अवैध डेंटल क्लीनिक को किया सील

काशीपुर। बिना मानकों के संचालित क्लीनिक के खिलाफ अभियान चलाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक डेंटल क्लीनिक को सील कर दिया है।मंगलवार को सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम पाकीजा कॉलोनी स्थित एक डेंटल क्लीनिक पहुंची जहां पर एक 12वीं पास युवक क्लीनिक संचालित करते पाया गया। टीम ने बिना चिकित्सक के क्लीनिक में दांतों के इलाज का सामान और दवाइयां बरामद कीं। साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट का सही से निस्तारण नहीं



पाया। इस पर नायब तहसीलदार भुवन चंद्र आर्य व राजस्व निरीक्षक फूल सिंह ने क्लीनिक को सील कर दिया। सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि सीएम पोर्टल पर हुई शिकायत के बाद टीम ने छापा मारा। बताया कि संचालक दानिश के पास क्लीनिक संचालन संबंधित कोई भी डिग्री एवं प्रपत्र नहीं मिले। संचालक पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। पहली बार पकड़े जाने पर 50 हजार का जुर्माना लग सकता है। वहीं नगर निगम की टीम ने बायोमेडिकल वेस्ट का सही से निस्तारण नहीं करने पर क्लीनिक पर पांच हजार का जुर्माना भी लगाया है। टीम में सीएमएस डॉ. खेमपाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, एसआई दीवान सिंह बिष्ट, गिरीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# गदरपुर की नई तहसीलदार लीना चन्द्रा संभाला कार्यभार

गदरपुर(उद संवाददाता) तहसीलदार लीना चन्द्रा ने गदरपुर तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार का पदभार ग्रहण किया। वहीं तहसील कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों और कुछ मौजूद हल्का पटवारी के द्वारा नवागत तहसीलदार का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। नवागत तहसीलदार श्रीमती चन्द्रा ने उपस्थित सभी कर्मचारियों का परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि लोगों की समस्या तहसील संबंधी जो भी हैं उनका समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाए। अगर कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर आता है तो बगैर किसी किंतु-परंतु के उसकी समस्या सुनें और उसे उचित परामर्श दें,। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि सरकार की योजना अनुसार जो भी



पात्रता की श्रेणी में होगा उसी को प्राथमिकता के साथ लाभान्वित किया जाएगा। किसानों की समस्या भी प्राथमिकता के साथ निराकृत की जाएगी। तहसील में जो भी कार्य होंगें वह निर्धारित समय के आधार पर किये जायेंगें। उन्होंने बताया कि मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि गदरपुर क्षेत्र का नाम काफी सुना था लेकिन अब काम करने का अवसर मिला है तो मैं कुछ अच्छा ही करने का यहां प्रयास करूंगी।

# युवक को जेल से छुड़ाने के नाम पर लाखों की ठगी

काशीपुर। साइबर ठग ने एक व्यक्ति से उसके भतीजे को जेल में बंद होने की बात कहकर 3,68,000 रुपये ठग लिए। चाचा को उस व्यक्ति पर यकीन इसलिए हो गया क्योंकि उस व्यक्ति ने भतीजे का नाम लेकर जिस व्यक्ति से बात कराई उसकी आवाज हूबहू भतीजे की तरह थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ केस दर्ज किया है। आशंका जताई जा रही है कि भतीजे जैसी आवाज के लिए कहीं एआई तकनीक का तो इस्तेमाल नहीं किया गया। मोहल्ला आवास विकास निवासी परमवीर सिंह पुत्र मक्खन सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। कहा कि बीते वर्ष 10 जुलाई 2023 को उन्हें जगमोहन नंदा नाम के व्यक्ति ने फोन किया और खुद को वकील बताया। इसके बाद उसने एक अन्य व्यक्ति से बात कराई जिसकी आवाज उसके भतीजे सुखविंदर सिंह जैसी थी। उसने कहा कि मैं जेल में बंद हूं। आप वकील को तीन लाख रुपये दे दो जिसके बाद उन्होंने बताए गए बैंक खाते में अलग-अलग बार में पैसे डाल दिए। इसके बाद दूसरे व्यक्ति ने जो खुद को उसका भतीजा बता रहा था। उसने कहा कि मैंने आपके खाते में 1,76,000 डॉलर डाल दिए हैं जो कि भारतीय 10 लाख रुपयों के बराबर हैं, लेकिन वह रुपये उनके खाते में नहीं आए तब उन्हें ठगे जाने का पता चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घायल व्यक्ति की एसटीएच में मौत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गत 25 जनवरी को किच्छा रोड पर सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी में उपचार के दौरान मृत्यु सो गई। उसकी पहचान यहां रविन्द्रनगर निवासी 40 वर्षीय राजू के रूप में की गई। बताया जाता है कि 25 जनवरी को किच्छा रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। हालत में सुधार न होने पर उसे एसटीएच हल्द्वानी भर्ती कराया गया। जहां उसने 5 फरवरी को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने उसकी शिनाख्त के लिये प्रयास शुरू किये। जिसके बाद मृतक की शिनाख्त रविन्द्र नगर निवासी 40 वर्षीय राजू के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि परिजनों ने मृतक की शिनाख्त की। शव को हल्द्वानी से आज यहां शवगृह लाया गया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया। मृतक की पत्नी मंजू, दो पुत्र 20 वर्षीय राहुल व 12 वर्षीय राज तथा 18 वर्षीय पुत्री तुलसी हैं। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

## पेज एक का शेष...

**यूसीसी पर सदन में ...** से शादी की बाद बेटियों का उत्पीड़न बढ़ेगा। वहीं खटीमा के विधायक एवं उपनेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी ने यूसीसी में लिव-इन रिलेशन पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि इससे देश के अन्य राज्यों में आने वाले जोड़े उत्तराखंड में आकर रहेंगे। भुवन चन्द्र कापड़ी ने कहा कि इस विधेयक के जरिये सरकार जनता को बेवकूफ बना रही है। इसमें अधिकांश नियम तो पुराने ही कॉपी पेस्ट किये गये हैं। लेकिन इसका प्रचार प्रसार राजनैतिक लाभ के लिए जोर शोर से किये जा रहे हैं। सरकार कह रही है कि लोगों को समान अधिकार मिलेंगे लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। कापड़ी ने कहा कि एक तरफ आफ कह रहे हैं कि शादी रजिस्टर्ड करो दूसरी तरफ आफ लिव इन रिलेशन में रहने की बात कह रहे हैं। कापड़ी ने कहा कि भारत परंपराओं का देश है। यहां सबकी अलग अलग पंपराएं है। यहां अपनी अपनी अलग अलग मान्यतायें है। अपनी विचारधारा है। ऐसे में किसी की धार्मिक मान्यताओं पर कानून थोपना ठीक नहीं है। साथ ही कापड़ी ने कहा कि प्रदेश में लिव इन रिलेशनशिप बंद होना चाहिए। जसपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि विधेयक के लिए व्यापक समय मिलना चाहिए था।उन्होंने कहा कि समिति ने विपक्ष के विधायकों की राय नहीं ली। उन्होंने कहा कि सदन में भी चर्चा के लिए समय कम है, क्यों कि अध्ययन के लिए विधायकों को पूरा समय नहीं मिल पाया। उन्होंने सवाल किया कि आखिर विधेयक को जल्दी लाने की जल्दी क्या थी। चर्चा के बाद इसे पारित किया जा सकता था। आदेश चौहान द्वारा अपनी बात रखने के दौरान श्री राम को लेकर टिप्पणी पर सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंक झोंक हो गयी। आदेश चौहान की बात का जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल ने तीखी बहस की। वहीं भाजपा विधायकों ने समान नागरिक संहिता के विधेयक का श्रेय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दिया। भाजपा विधायकों ने कहा कि नकल विरोधी कानून और अवैध धर्मांतरण विरोधी विधेयक के बाद अब यूसीसी विधेयक के जरिए मुख्यमंत्री धामी ने इतिहास रच दिया है। सदन में यूसीसी के संबंध में विधायक आदेश चौहान ने कहा कि क्रिकेट की भाषा में बात करें तो सीएम ने यूसीसी के जरिए सीधे दोहरा शतक बना दिया है।

**हरक सिंह रावत के ...**के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़ दी थी और कांग्रेस में शामिल हो गए थे। भाजपा सरकार में राज्य के वन मंत्री के रूप में रावत के कार्यकाल के दौरान, रावत और उनके कुछ विभागीय अधिकारियों पर टाइगर सफारी परियोजना के तहत कॉर्बेट पार्क के पाखरो रेंज में अवैध पेड़ काटने और निर्माण में शामिल होने से संबंधित गंभीर आरोप लगे। भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि पाखरो बाघ सफारी के लिए 163 की अनुमति के खिलाफ कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) में 6000 से अधिक पेड़ अवैध रूप से काटे गए थे। हालांकि, राज्य वन विभाग ने एफएसआई के दावों का खंडन किया और कहा कि रिपोर्ट को अंतिम रूप से स्वीकार करने से पहले कुछ तकनीकी मुद्दों को हल करने की आवश्यकता है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है कि रावत से जुड़ी संपत्तियां ईडी अधिकारियों द्वारा जांच के दायरे में आई हैं। इससे पहले उत्तराखंड सतर्कता टीम ने देहरादून के शंकरपुर में एक संस्थान और छिद्दरवाला में एक पेट्रोल पंप पर छापे मारे थे। राज्य सतर्कता प्रमुख वी मुरुगेसन ने 30 अगस्त को कहा कि टीम ने दोनों स्थानों पर दस्तावेजों की जांच की तो पता चला कि दोनों संपत्तियां कांग्रेस नेता और पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत की हैं। बताया जाता है कि हरक सिंह रावत की संपत्तियों के खिलाफ नवीनतम सतर्कता अभियान का आदेश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिया है।

**राम मंदिर निर्माण...**डॉ प्रवीण तोगड़िया का उत्तराखंड के सात दिवसीय प्रवास के दौरान नगर भ्रमण पर संगठन के सैकड़ो लोगों द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया तथा प्रवीण तोगड़िया से तमाम कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। तोगड़िया का यह भ्रमण संगठन के कार्यकर्ताओं से रूबरू होने के लिए निधरित किया गया था। स्वागत करने वालों में स्वतंत्र राय, जयवर्धन सिंह, विवेक राय, राजीव सक्सेना, विनय राय, विवेक कुमार सिंह, रामप्रीत तिवारी, शैलेंद्र कुमार सिंह, दिलीप सिंह जीना, श्रीनिवास पांडे, प्रबल प्रताप सिंह, सिद्धार्थ चढ़ा, सुजीत गुप्ता, ज्ञानी करनैल सिंह नीरज, प्रजापति मदन मोहन, जिला अध्यक्ष ,हिंदू परिषद राष्ट्रीय गुरु दयाल सिंह, जिला महामंत्री प्रिंस अरोड़ा, ललित, अनु पाल, अजय तिवारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

**संदिग्ध हालातों में...**देखा तो विक्की को साड़ी से बने फांसी के फंदे पर लटका पाया। आनन फानन में परिजनों ने उसे फांसी से उतारा और एक निजी चिकित्सालय ले गये। जहां से विक्की को जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी भी आ पहुंचे। घटना की विस्तार से जानकारी लेने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद से देवराज घर से लापता बताया जा रहा है।

**यूसीसी के समर्थन...**राहुल सक्सेना, नवीन बोरा, विवेक गुप्ता, तरुण ठाकुर,जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट, सुरेश जीना,नीलू गुप्ता, धना भंडारी,अनुपम शर्मा,रेनू भंडारी, गोविंद मेहता, कपिल सावंत, अनीता ज्याला, ईश्वर पांडेय, स्वाति शर्मा, गंगा चौहान, हिमांशु अग्रवाल, दिनेश वर्मा, गंभीर सिंह धामी, दीपक तिवारी, सनी रस्तोगी, प्रेम गुप्ता, संजीव कश्यप, जगदीश पांडे, राजू कुरैशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**छोटे राज्य उत्तराखंड...**हैं। आकलन है कि स्वास्थ्य मंत्री के उपरोक्त निर्देश के मूर्त रूप लेने की दशा में, प्रदेश सरकार की ओर से सभी सरकारी अस्पतालों में निशुल्क की जा रही 270 तरह की पैथोलॉजी जांच का दायरा और भी व्यापक हो जाएगा और कालांतर में यह योजना उत्तराखंड सरकार की एक अनूठी योजना के रूप में प्रतिष्ठित हो सकेगी।

# नुक्कड़ नाटक से दिया नशा मुक्ति का संदेश

गूलरभोज(उद संवाददाता)। रेड रोज कान्वेंट स्कूल गदरपुर द्वारा नशा उन्मूलन पर नुक्कड़ नाटक का मंचन मेन चौराहा बालाजी पुस्तक भंडार के सामने गूलरभोज में कराया गया जिसमें बच्चों ने नशा न करने का आह्वान किया और आम जनों को शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, इंदर सिंह राठौड़, हरीश छाबड़ा, बलवंत सिंह, आशु रघुवंशी, संजीव गुप्ता, ईश्वरी डोगरा, हरीश गिरी, अमित कुमार गुप्ता, विजय कुमार, रामकिशन दहूजा आदि उपस्थित थे।



# कृष्णा और निधि ने पास की यूसेट परीक्षा

नैनीताल(उद संवाददाता)।कृष्णा राणा तथा निधि भट्ट ने यू सेट की परीक्षा पास की है। कृष्णा राणा तथा निधि भट्ट रसायन विज्ञान की शोध छात्रा है।दोनो शोधार्थी प्रो गीता तिवारी रसायन विज्ञान विभाग के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे है। उनकी उपलब्धि पर पर निदेशक प्रो नीता बोरा ,संकायाध्यक्ष प्रो चित्रा पांडे ,डीएसडब्ल्यू प्रो संजय पंत निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो ललित तिवारी ,कूटा महासचिव डॉक्टर विजय कुमार ,प्रो नीलू उपाध्याय ,डॉक्टर पैनी जोशी ,डॉक्टर संतोष कुमार ,डॉक्टर दीपाक्षी जोशी ने बधाई एवम शुभकामनाएं दी है।

# चाकू के साथ बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नीयत से चहल कदमी कर रहे एक बदमाश को पुलिस ने शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से चाकू बरामद किया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने क्षेत्र से सुन्नी तारा मस्जिद मोहल्ला महेशपुर निवासी मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद अब्दुल को शक के आधार पर दबोचकर तलाशी में उसके कब्जे से चाकू बरामद किया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रुद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# मान्यताओं के अनुसार ही होंगे रीति रिवाज, प्रतिबंधित होगा बहुविवाह

## उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी बिल पेश कर रचा नया कीर्तिमान, 2010 के बाद हुई शादी का होगा पंजीकरण

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड सरकार ने देश में पहली बार यूसीसी बिल विधानसभा में पेश कर नया कीर्तिमान रचा है। देश के पहले समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के बिल में किसी धर्म विशेष का जिक्र तो नहीं लेकिन कई नियमों के बदलाव में रूढ़ि, परंपरा और प्रथा को खत्म करने का आधार बनाया गया है। महिलाओं को समानता का अधिकार देने के उद्देश्य का हवाला देते हुए राज्य में लागू होने वाले यूसीसी के ड्राफ्ट में एक विवाह के बाद दूसरे विवाह को पूरी तरह से अवैध करार दिया गया है। अगर आपका विवाह 26 मार्च 2010 के बाद हुआ है, तो उसका पंजीकरण कराना होगा। पहले जो करा चुके हैं, उन्हें दोबारा पंजीकरण की जरूरत नहीं होगी। विधानसभा में पेश किए गए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के बिल में यह प्रावधान है। खास बात ये भी है कि कानून लागू होने के छह माह के भीतर पंजीकरण न कराने वालों पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगेगा। पंजीकरण में गलत तथ्य देने वालों पर 25 हजार का जुर्माना लगेगा। यूसीसी में स्पष्ट किया गया कि विवाह करने वालों में से अगर स्त्री या पुरुष राज्य का निवासी होगा तो उसका पंजीकरण अनिवार्य होगा। 26 मार्च 2010 (उत्तराखंड अनिवार्य विवाह पंजीकरण एक्ट) तक के जो विवाह पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें यूसीसी लागू होने के बाद छह माह के भीतर पंजीकरण कराना होगा। जो पहले से पंजीकृत हैं, उन्हें कानून लागू होने के छह माह के भीतर सब रजिस्ट्रार कार्यालय में घोषणा पेश करनी होगी। 2010 के पूर्व के दंपती चाहें तो अपना पंजीकरण करा सकते हैं,



**पंजीकरण के लिए सब रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रार जनरल नियुक्त करेगी सरकार, विवाह के लिए पुरुष की 21, स्त्री की 18 वर्ष आयु विवाह की तिथि से 60 दिन के भीतर सब रजिस्ट्रार के सामने प्रस्तुत करेंगे, पंजीकरण नहीं करने पर दोनों पर 10 से 25 हजार रुपये तक जुर्माना**

लेकिन उनकी एक से अधिक जीवनसाथी न हों। आयु का मानक पूरा हो रहा हो। यूसीसी लागू होने के बाद पति-पत्नी मिलकर एक फार्म भरेंगे। विवाह की तिथि से 60 दिन के भीतर सब रजिस्ट्रार के सामने प्रस्तुत करेंगे। शर्त है कि दोनों में से एक राज्य में निवास करता हो। इसी प्रकार, 2010 के पहले के दंपती के लिए भी औपचारिकताएं होंगी। यूसीसी के तहत राज्य सरकार सचिव स्तर के अधिकारी को रजिस्ट्रार जनरल (महानिबंधक) नियुक्त करेगी। इसके बाद उपजिलाधिकारी स्तर तक के अधिकारियों को रजिस्ट्रार और क्षेत्रों के लिए सब रजिस्ट्रार तैनात किए जाएंगे। यूसीसी में ये प्रावधान किया गया कि विवाह तभी होगा जबकि पुरुष की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और स्त्री की न्यूनतम आयु 18 वर्ष हो। कोई भी व्यक्ति जो विवाह होने के बाद जानबूझकर पंजीकरण नहीं कराएगा या उपेक्षा करेगा, उस पर सब रजिस्ट्रार 10 हजार का जुर्माना लगा सकते हैं। जो व्यक्ति पंजीकरण में गलत तथ्य प्रस्तुत करेगा या कूटरचित दस्तावेज लगाएगा, उसे तीन माह की जेल और 25 हजार रुपये का जुर्माना या दोनों लग सकते हैं। जो सब रजिस्ट्रार पंजीकरण प्रक्रिया, विच्छेद पर 15 दिन के भीतर एक्शन नहीं लेगा, उस पर भी 25 हजार रुपये तक का जुर्माना लग सकता है। अगर कोई विवाह होता है और उसका पंजीकरण नहीं होता तो सब रजिस्ट्रार इसका खुद भी संज्ञान ले सकेगा। वह नोटिस भेजेगा, जिस पर 30 दिन के भीतर ज्ञापन प्रस्तुत करना होगा। ऐसा न करने पर 25 हजार का जुर्माना लगेगा। पंजीकरण न कराने पर कोई विवाह अविधिमान्य नहीं होगा।

## जो संकल्प लिया था उसे आज हम पूरा करने जा रहे हैं : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से हमनें वर्ष 2022 में प्रदेश की जनता से राज्य में समान नागरिक संहिता कानून लाने का जो संकल्प लिया था, उसे आज हम पूरा करने जा रहे हैं। हमारी सरकार ने पूरी जिम्मेदारी के साथ समाज के सभी वर्गों को साथ लेते हुए समान नागरिक संहिता का विधेयक विधानसभा में पेश कर दिया है। देवभूमि के लिए वह ऐतिहासिक क्षण निकट है जब उत्तराखण्ड प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विजन एक भारत, श्रेष्ठ भारत का मजबूत आधार स्तंभ बनेगा। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह



धामी ने उत्तराखंड समान नागरिक संहिता विधेयक सदन में पेश किया। इस दौरान मुख्यमंत्री आत्मविश्वास और उत्साह से लबरेज नजर आए। विधेयक पटल पर रखने के बाद पूरे दिन सदन में डटे रहे। सदन की कार्यवाही स्थगित होने तक सीएम धामी यूसीसी पर चर्चा में शामिल रहे।बुधवार को यूसीसी बिल सदन में पारित होना तय है। हालांकि विधेयक पर चर्चा जारी है। सदन में पारित होने के बाद उत्तराखंड यूसीसी को लागू करने में देश का पहला होगा। सांविधानिक जरूरत पड़ी तो इस कानून को लागू करने से पहले अनुमोदन के लिए राष्ट्रपति के भेजा जा सकता है। 11 बजे मुख्यमंत्री स्वयं यूसीसी के ड्राफ्ट की प्रति लेकर विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने पहुंचे। माथे पर तिलक, सफेद कुर्ता पैजामा, नारंगी रंग का वास्कट और गले में मफलर पहने धामी आत्मविश्वास से लबरेज दिखे। उनके के चेहरे पर संतुष्टि का भाव भी था। 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने प्रदेश की जनता यूसीसी लागू करने का वादा किया था। इस वादे को पूरा करने के लिए सदन में सीएम उत्साहित नजर आए। साथ ही पूरे दिन सदन में डटे रहे। आमतौर पर व्यस्तता के चलते मुख्यमंत्री सदन में कम समय के लिए आते हैं। लेकिन यूसीसी पर चर्चा के लिए सीएम देर शाम तक सदन में रहे।

